मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-181
02/04/2025

# मुख्यमंत्री ने मंदिरी नाले पर निर्माणाधीन 2 लेन सम्पर्क पथ के विकास कार्यों का किया निरीक्षण, अधिकारियों को दिये आवश्यक दिशा–निर्देश

पटना, 02 अप्रैल 2025 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज मंदिरी नाले पर निर्माणाधीन 2 लेन सम्पर्क पथ के विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने बिहार कला महाविद्यालय के समीप पहुँचकर निर्माण कार्यों का जायजा लिया। इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने बांसघाट स्थित काली मंदिर एवं आयकर गोलम्बर के समीप पहुँचकर मंदिरी नाले पर निर्माणधीन 2 लेन सम्पर्क पथ का स्थल निरीक्षण किया।

निरीक्षण के क्रम में नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव श्री अभय कुमार सिंह ने मुख्यमंत्री को निर्माणाधीन 2 लेन सम्पर्क पथ की प्रगति एवं अद्यतन स्थिति के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मंदिरी नाले पर निर्माणाधीन 2 लेन सम्पर्क पथ नेहरू पथ से जे0पी0 गंगा पथ तक होगा जिसमें दानापुर–बांकीपुर पथ के बांस घाट से जे0पी0 गंगा पथ तक सड़क ऐलिवेटेड होगी।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि इस 2 लेन सम्पर्क पथ का निर्माण कार्य निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप पूर्ण करायें। बिहार कला महाविद्यालय की चहारदिवारी को किसी प्रकार की क्षति न पहुँचे इसका विशेष रूप से ख्याल रखें। निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री के मंदिरी क्षेत्र में पहुँचने पर लोगों में भारी उत्साह दिखा। स्थानीय लोगों ने नारा लगाकर मंदिरी क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों के लिये मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया एवं प्रसन्नता व्यक्त करते हुये उनके प्रति आभार प्रकट किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने स्थानीय लोगों से बातचीत भी की। उन्होंने कहा कि इस पथ का निर्माण पूर्ण हो जाने से लोगों को आवागमन में काफी सहूलियत होगी तथा जाम से निजात मिलेगी। इससे समय की भी बचत होगी तथा इस इलाके का और विकास होगा।

ज्ञातव्य है कि नेहरू पथ पर आयकर गोलम्बर से दानापुर–बांकीपुर पथ के बांस घाट तक 1289 मीटर बॉक्स ड्रेन सह 2 लेन सम्कर्प पथ का निर्माण होना है। इसमें सर्विस रोड के साथ नाला एवं यूटिलिटी डक्ट का प्रावधान किया गया है। साफ–सफाई हेतु दो रैम्प एवं तीन डिसील्टिंग चैम्बर का निर्माण के अलावा जल निकासी की व्यवस्था एवं नियंत्रण के लिये चार स्यूलिस गेट प्रस्तावित है। इस सड़क के सौंदर्यीकरण हेतु स्ट्रीट लइटिंग के साथ लैंड स्केपिंग का कार्य भी किया जाना है।

निरीक्षण के दौरान जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, पथ निर्माण मंत्री श्री नितिन नवीन, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव श्री अभय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव श्री कुमार रवि, जिलाधिकारी श्री चंद्रशेखर सिंह, नगर आयुक्त श्री अनिमेश कुमार पराशर, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री अवकाश कुमार सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

******